**पटना जिलान्तर्गत अनुमंडलीय व्यवहार न्यायालय पालीगंज में 15 कोर्ट भवन (G+5) का निर्माण कार्य के लिए दिनांक: 28.11.2018 को प्राप्त ई0-पुनर्निविदा का तकनीकी बीड निस्तार के लिए निगम निविदा समिति का दिनांक 04.01.2019 को आहूत बैठक की कार्यवाही:-**

---

**उपस्थिति:-**

1. **श्री अमित कुमार,** प्रबंध निदेशक, बिहार राज्य भवन निर्माण निगम लि0, पटना। — अध्यक्ष
2. **श्री उपेन्द्र नारायण,** अभियंता प्रमुख-सह-अपर आयुक्त-सह-विशेष सचिव, भ0नि0वि0, पटना। — सदस्य
3. **श्री रवि शंकर चौधरी,** संयुक्त सचिव-सह-आन्तरिक वित्तीय सलाहकार, भ0नि0वि0, पटना। — सदस्य
4. **श्री राकेश कुमार,** मुख्य महाप्रबंधक, बिहार राज्य भवन निर्माण निगम लि0, पटना। — सदस्य
5. **श्री तपेश्वर प्रसाद साह,** महाप्रबंधक (वित्त), बिहार राज्य भवन निर्माण निगम लि0, पटना। — सदस्य
5. **श्री रंजित प्र0 सिंह,** महाप्रबंधक (दक्षिण), बिहार राज्य भवन निर्माण निगम लि0, पटना। — सदस्य

<u>कार्यवाही:-</u>

**1.योजना का नाम:-** पटना जिलान्तर्गत अनुमंडलीय व्यवहार न्यायालय पालीगंज में 15 कोर्ट भवन (G+5) का निर्माण कार्य।

| | |
|---|---|
| **2.प्रशासनिक स्वीकृति की राशि :-** | ₹2150.48 लाख |
| **3.प्रावैधिक स्वीकृति की राशि :-** | ₹2246.01 लाख **(अनुज्ञेय सीमा के अधीन)** |
| **4.परिमाण विपत्र की राशि:-** | ₹21,26,47,129/- |
| **5.निविदा प्राप्त करने की तिथि:-** | 28.11.2018 |
| **6.निविदा खोलने की तिथि:-** | 30.11.2018 |
| **7.निविदा प्रसारण का माध्यम:-** | ई-निविदा एवं दैनिक समाचार पत्र |
| **8.निविदा आमंत्रण सूचना प्रकाशन की तिथि एवं प्रकाशित समाचार पत्र का नाम:-** | दैनिक जागरण/हिन्दुस्तान, दिनांक 27.10.18 |
| **9.प्रकाशन का पी0आर0 संख्या:-** | 10454 (Ni.Ni) 2018-19 |

<u>10. तकनीकी मूल्यांकन समिति की समीक्षा:-</u>

<u>प्रथमवार आमंत्रित निविदा:-</u> इस कार्य हेतु दिनांक 22.06.2018 को निविदा प्राप्त की गई थी, जिसका प्रकाशन दैनिक समावार-पत्र में हुआ था। जिसका पी0आर0 संख्या-2655 नि0नि0-2018-2019 है, जिसमें तीन निविदादाताओं द्वारा भाग लिया गया, परन्तु अपरिहार्य कारण वश निगम का ओदश का ज्ञापांक, 2204 दिनांक 24.07.2018 के द्वारा रद्द कर दी गयी थी।

<u>द्वितीयवार आमंत्रित पुनर्निविदा (वर्त्तमान):-</u> इस निविदा में चार निविदादाताओं द्वारा भाग लिया गया, जिनके द्वारा अपलोड किए गए कागजातों को उप-महाप्रबंधक, पी0आई0यू0, पटना द्वारा डाउनलोड कर समर्पित किया गया जिसका तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति द्वारा मूल्यांकन किया गया जो निम्नवत्त है:-

प्रथम निविदादाता "कलसी बुल्डकॉन प्रा0 लि0, मनीकरण टावर, कीबर्न कॉलोनी, हिनु राँची" है, के द्वारा अपलोड किये गये कागजातों का तकनीकी मूल्यांकन समिति द्वारा समीक्षा की गयी। समीक्षा के क्रम में पाया गया कि इनके द्वारा एस0बी0डी0 की कंडिका 4.5A(d), के तहत आवश्यक विद्युतीकरण का निबधन से संबंधित शपथ पत्र निविदा आमंत्रण सूचना के पूर्व का है, कंडिका 4.5A(c), के तहत बिना उपयोगिता प्रमाण-पत्र के नीजी कार्य का अनुभव प्रमाण-पत्र संलग्न किया गया है, कंडिका 4.5B(b), के तहत अभियंता का शपथ पत्र संलग्न नही किया गया है, 4.5B(a), के तहत Pump of Concreting and transit mixture का कागजात संलग्न नही किया गया है एवं कंडिका 4.2(i), के तहत इनके द्वारा दिया गया बैंक क्रेडिट फैसिलीटी सशर्त है। इसके अतिरित NOC of Debar का कागजात संलग्न नही किया गया है। अतएव, इन्हें नॉन-रिस्पॉन्सिव पाया गया एवं तकनीकी बीड में असफल घोषित करने की अनुशंसा की गयी है।

द्वितीय निविदादाता "मीनी देवी, ग्राम-अमरपुर सपही टोला, पो0-दरौली, जिला-सीवान" है, के द्वारा अपलोड किये गये कागजातों का तकनीकी मूल्यांकन समिति द्वारा समीक्षा की गयी। समीक्षा के क्रम में पाया गया कि इनके द्वारा एस0बी0डी0 की कंडिका 4.5A(b), के तहत Similar Nature का एक कार्य का पूर्णता प्रमाण-पत्र संलग्न नही किया गया है। अतएव, इन्हें नॉन-रिस्पॉन्सिव पाया गया एवं तकनीकी बीड में असफल घोषित करने की अनुशंसा की गयी है।

तृतीय निविदादाता "अरविन्द कुमार, 401 शकुंतला इन्कलेव, सहजानंद पथ, पटना" है, के द्वारा अपलोड किये गये कागजातों एवं Similar Nature of work का प्रमाण-पत्र के क्रम में S. P. D. Associates एवं अरविन्द कुमार से प्राप्त सत्यापन प्रतिवेदन का तकनीकी मूल्यांकन समिति द्वारा समीक्षा की गयी। समिति द्वारा समीक्षोपरांत एस0बी0डी0 की सभी कंडिकाओं के तहत इन्हें रिस्पॉन्सिव पाया गया एवं इन्हें तकनीकी बीड में सफल घोषित करने की अनुशंसा की गयी है।

चतुर्थ निविदादाता "अरुण कुमार, शर्मा भवन, रोड न0-8, राजीव नगर, पटना" है, के द्वारा अपलोड किये गये कागजातों का तकनीकी मूल्यांकन समिति द्वारा समीक्षा की गयी। समिति द्वारा समीक्षोपरांत एस0बी0डी0 की सभी कंडिकाओं के तहत इन्हें रिस्पॉन्सिव पाया गया, परंतु इनके द्वारा दिनांक 22.12.2018 को निविदा वापस लेने का अनुरोध किया गया है। अतएव समिति द्वारा इनकी निविदा को अमान्य करते हुए Deposited EMD की राशि ₹31,30,000/-(एकतीस लाख तीस हजार रुपये) मात्र को जब्त करने हेतु अनुशंसा की गयी है।

## 11. निगम निविदा समिति का निर्णयः-

उपरोक्त तथ्यों पर सम्यक विचारोपरान्त समिति द्वारा सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि तकनीकी मूल्यांकन समिति की दिनांक 03.01.2019 की अनुशंसा (संलग्न) के आलोक में इस निविदा के एक निविदादाता (i) अरविन्द कुमार, 401 शकुंतला इन्कलेव, सहजानंद पथ, पटना को तकनीकी बीड में सफल घोषित किया जाता है तथा शेष तीन निविदादाता (i) कलसी बुल्डकॉन प्रा0 लि0, मनीकरण टावर, कीबर्न कॉलोनी, हिनु राँची, (ii) मीनी देवी, ग्राम-अमरपुर सपही टोला, पो0-दरौली, जिला-सीवान एवं (ii) अरुण कुमार, शर्मा भवन, रोड न0-8, राजीव नगर, पटना, को असफल घोषित करते हुए निविदा में जमा कुल ₹31,30,000/-(एकतीस लाख तीस हजार रुपये) मात्र का अग्रधन की राशि को जब्त किया जाता है। साथ ही श्री कुमार के कार्य अनुभव प्रमाण-पत्र की जाँच का भी निर्णय लिया जाता है। जाँचोपरांत प्रतिकूल प्रतिवेदन की स्थिति में महाप्रबंधक (दक्षिण) विधिसम्मत कार्रवाई का प्रस्ताव देंगे, जिस पर निगम द्वारा त्वरित कार्रवाई की जायेगी।

इस कार्यवाही को निगम बेवसाईट पर रखा जाय एवं दिनांक 12.01.2019 के पूर्वाह्न 11.00 बजे तक निविदा से संबंधित किसी प्रकार की आपत्ति प्राप्त होती है, तो मुख्य महाप्रबंधक पुनः तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की पूर्न बैठक आहूत कर अनुशंसा के साथ अगली निगम निविदा समिति के समक्ष प्रस्तुत करेंगे।

12. निगम निविदा समिति की इस कार्यवाही को निगम बेवसाईट पर डाली जाय।

| | | |
|---|---|---|
| 4.1.19<br>(रंजित प्र0 सिंह)<br>महाप्रबंधक (दक्षिण)<br>बि0रा0भ0नि0नि0लि0, पटना। | 04.01.19<br>(तपेश्वर प्र0 साह)<br>महाप्रबंधक (वित्त)<br>बि0रा0भ0नि0नि0लि0, पटना। | 4/1/19<br>(राकेश कुमार)<br>मुख्य महाप्रबंधक<br>बि0रा0भ0नि0नि0लि0, पटना। |
| 4/1/2019<br>(रवि शंकर चौधरी)<br>संयुक्त सचिव-सह-आ0 वित्तीय सलाहकार, भ0नि0वि0, पटना। | (उपेन्द्र नारायण)<br>अभियंता प्रमुख-सह-अपर आयुक्त-सह-विशेष सचिव, भ0नि0वि0, पटना। | 4/1/19<br>(अमित कुमार)<br>प्रबंध निदेशक<br>बि0रा0भ0नि0नि0लि0, पटना। |